# कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार के लिए शिशु शक्ति संवर्धित टीएचआर का हुआ शुभारंभ

Jan 24, 2026 11:19 pm IST
**Newswrap** **हिन्दुस्तान**, सराईकेला

संक्षेप: कुचाई प्रखंड सभागार में कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार के लिए शिशु शक्ति संवर्धित टीएचआर का शुभारंभ किया गया। डीसी नीतीश कुमार सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान 6 बच्चों को शिशु शक्ति खाद्य पैकेट वितरित किए गए। सरकार की योजनाओं का लाभ सभी बच्चों तक पहुंचाने की

खरसावां,संवाददाता। कुचाई प्रखंड सभागार में कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार के लिए शिशु शक्ति संवर्धित टीएचआर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीसी नीतीश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान 6 बच्चों के बीच शिशु शक्ति खाद्य पैकेट का वितरण किया गया। डीसी सिंह ने कहा कि कुपोषण मिटाने में सभी का सहयोग जरूरी है। कुपोषण से बच्चों की मानसिक और शारीरिक वृद्धि प्रभावित होती है। संवर्धित टीएचआर शिशु शक्ति समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम (सीएमएएम) अंतर्गत महत्वपूर्ण नवाचार है, जिससे कुपोषित बच्चों को पोषण सहायता मिलेगी। उन्होंने सेविकाओं से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया।

प्यार से लेकर प्रमोशन तक
**2026 का पूरा हाल जानें** ✨
अभी पढ़ें

Story continues below advertisement

यह उच्च प्रोटीन और पोषक तत्वों से भरपूर आहार है जो वजन व लंबाई में सुधार लाता है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रकाश ने कहा

जोर दिया। वहीं क्षेत्र को कुपोषण मुक्त करने पर शपथ दिलाया गया। इस दौरान प्रमुख गुड्डी देवी, बीडीओ साधुचरण देवगम, सीओ सुषमा सोरेन, जिप सदस्य झिग्गी हेम्ब्रम, सासंद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरुची प्रसाद, डॉ. दिगंबर शर्मा, डॉ. सुजीत मुर्मू, अजय कुमार वर्मा, समिता मंडल, मुखिया करम सिंह मुंडा, लुदरी हेम्ब्रम, मंगल सिंह मुंडा, पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया, अति गंभीर कुपोषित बच्चों की माताएं और देखभालकर्ता उपस्थित थे। फोटो संख्या : 01, कुपोषित बच्चों को शिशु शक्ति खाद्य पैकेट देते डीसी,एसडीएम। फोटो संख्या : 02, कुपोषण मुक्त करने की शपथ दिलाते डीसी व अन्य।

लेखक के बारे में

**Hindustan**

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की ...और पढ़ें

लेटेस्ट **Hindi News** , **बॉलीवुड न्यूज़**, **बिजनेस न्यूज़**, **टेक** , **ऑटो**, **करियर** , और **राशिफल**, पढ़ने के लिए Live Hindustan App डाउनलोड करें।

**You May Like**

**The cost of hearing aids in Seraikella might surprise you**
Recommended by audiologist
Hearing Aids
Learn More

**AI-powered hearing aid at surprising cost.**
Recommended by audiologist
Hearing Aids
Learn More

**हजारीबाग में हाथियों ने मचा दिया कोहराम, एक साथ 6 लोगों को कुचलकर मार डाला**
झारखंड के हजारीबाग में हाथियों ने कोहराम मचा दिया है। दारू वन क्षेत्र के चुरचू प्रखंड अंतर्गत गोंदवार गांव के नन्हुटोंगरी टोला में गुरुवार देर रात करीब 12 बजे से 1 बजे के बीच हाथियों के झुंड ने भीषण तबाही मचाई।, Jharkhand Hindi News - Hindustan
Live Hindustan

Promoted Links by Taboola

# डीसी-एसपी ने किया विभिन्न बूथों एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

Feb 13, 2026 09:59 pm IST
**Newswrap** हिन्दुस्तान, सिमडेगा

Story continues below advertisement

सिमडेगा, प्रतिनिधि। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कंचन सिंह एवं एसपी श्रीकांत एस खोटरे ने शुक्रवार को विभिन्न मतदान केंद्र, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर अधिकारियों ने सिमडेगा कॉलेज में बनाए गए मतगणना केंद्र, स्ट्रांग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का जायजा लिया। इसके अलावा वार्ड संख्या 07 स्थित कुंज नगर स्थित सामुदायिक भवन, वार्ड संख्या 11 स्थित राज्य संपोषित बालक उवि तथा वार्ड संख्या 12 के नीचे बाजार सामुदायिक भवन में बने बूथ का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने मतदान दिवस पर मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की।

Story continues below advertisement

साथ ही उन्होंने पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। वार्ड संख्या 11 के मतदान केंद्र में रैंप निर्माण कराने, विद्युत व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों एवं पुलिस के ठहरने के लिए कक्षों का चयन कर वहां गद्दा, बेडशीट एवं आवश्यक सामग्रियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। मतदान केंद्रों एवं उनके आसपास विशेष साफ-सफाई रखने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का भी निर्देश दिया। सभी मतदान केंद्र में दिशा सूचक, दिवाल लेखन एवं वोटिंग कंपार्टमेंट का लेआउट करने सभी कार्य को समय से पूर्ण कर लेने का निर्देश दी। मौके पर एसी ज्ञानेन्द्र, एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, डीएसपी रणवीर सिंह, एसडीपीओ बैजू उरांव आदि उपस्थित थे। फोटो पी12- सिमडेगा में शुक्रवार को बूथ का निरीक्षण करती डीसी कंचन सिंह, एसपी श्रीकांत एस खोटरे

और पढ़ें

Copyright © 2025 HT Digital Streams Limited. All Rights Reserved.

Privacy and cookie settings